तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

12 महेंद्रपुर में विज्ञान गणित व सह पालक सम्मेलन ...



12 कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में की गई...





# उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण 5 साल बाद भी अधूरा, ग्रामीण परेशान एवं उपचार भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

अलग खबर



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहूर के आश्रित ग्राम खेडेगांव में निर्मित किया जा रहा उप स्वास्थ्य केंद्र बीते 5 वर्षों से अधूरा पड़ा है। ठेकेदार द्वारा भवन निर्माण कार्य बीच में छोड़ दिए जाने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र आज तक पूर्ण नहीं हो पाया है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य वर्षों पहले प्रारंभ हुआ था, लेकिन ठेकेदार द्वारा काम अधूरा छोड़ दिया गया। वर्तमान में भवन की स्थिति यह है कि वह आधा-अधूरा, बंद और अनुपयोगी पड़ा है। समय बीतने के साथ निर्माण सामग्री भी खराब हो रही है और भवन जर्जर होने की आशंका बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन एवं संबंधित विभाग को अवगत कराया है। लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है न ही निर्माण कार्य पूरा कराया गया और न ही ठेकेदार पर किसी प्रकार की जवाबदेही तय की गई। उप स्वास्थ्य केंद्र अधूरा रहने से गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों एवं सामान्य मरीजों को उपचार के लिए दूरस्थ गांवों अथवा दुर्गुकोंदल अस्पताल जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उप स्वास्थ्य केंद्र पूरा हो जाता, तो गांव और आसपास के लोगों को प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, मातृ-शिशु देखभाल एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल सकती थीं। ग्रामीणों सुनीता, सरस्वती, शांति, धनाई, आसीन, महरु राम, मंगलू, दिनेश, शिवा, संदीप, मकलेश सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पेड़ से गिरे घायल बुजुर्ग की हुई मौत



**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत ग्राम भैंसासुर सदापारा निवासी 58 वर्षीय बैसूराम दुग्गा पिता स्व. पदमराम अपने स्वयं के खेत में स्थित साजा पेड़ पर चढ़े हुए थे। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वे पेड़ से नीचे गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों द्वारा तत्काल सहायता पहुँचाई गई, लेकिन चोटें इतनी घातक थीं कि उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृतक की पत्नी सुगरोबाई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शहीद जवान की प्रतिमा का किया गया अनावरण



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम बरगांव निवासी छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के शहीद जवान तीजऊ राम भुआर्य की स्मृति में बरगांव चौक में स्थापित प्रतिमा का 18 फरवरी 2026 को विधिवत अनावरण किया गया। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी 2024 को बस्तर के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान तीजऊ राम भुआर्य वीरगति को प्राप्त हुए थे। पुलिस अधिकारियों ने शहीद परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर शहीद के माता-पिता नारायण सिंह भुआर्य एवं यशोदा/देवबत्ती भुआर्य का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कांकेर।** कांकेर जिले के ग्राम बागोडार में तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 को सुबह लगभग पौने 9 बजे ग्राम बागोडार स्थित तालाब में युवक का शव देखा गया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय रोशन नेताम पिता राजकुमार नेताम, निवासी ग्राम बागोडार, कांकेर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण तालाब के पानी में डूबना बताया गया है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच जारी है।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चावड़ी निवासी 74 वर्षीय पनकुराम पिता हीराराम कुछ समय पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल उपचार के लिए धमतरी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद 17 फरवरी रात लगभग 8 बजकर 35 मिनट पर अंतिम सांस ली। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। बुजुर्ग की मौत से उनके पैतृक ग्राम चावड़ी में शोक की लहर दौड़ गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण अज्ञात

**कांकेर।** शहर कांकेर से लगे ग्रामगोविंदपुर क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ 22 वर्षीय युवक मयंक कोमरा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर निवासी मयंक कोमरा पिता बोहरन ने 17 फरवरी की शाम लगभग 5 बजकर 10 मिनट अपने निवास पर फांसी लगा ली थी।

## 15 दिन पहले भी इसी इलाके में आगजनी की घटना और हुई थी

# नारा में आधी रात आगजनी से कपड़ा दुकान में राख हुआ लाखों का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस, जाँच की शुरू

जिला मुख्यालय से सटे ग्राम नारा में बीती रात एक कपड़ा दुकान में अचानक लगी आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार आग से लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आग लगने के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत और असमंजस का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम नारा निवासी पवन की ⏭ शेष पेज 10 पर



### रोजी-रोटी का गहराया संकट

पीड़ित दुकानदार ने हरिभूमि को बताया कि मैं दिव्यांग हूँ और घर का आमदनी का एक मात्र दुकान ही सहारा था। मेरी गांव में किसी से दुश्मनी नहीं है। दुकान में नई खेप के कपड़े रखे हुए थे, जिनकी कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये थी। यह आगजनी से मुझे आर्थिक रूप से भारी झटका लगा है। दुकान पूरी तरह से जल जाने के कारण अब मेरे सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। प्रशासन से माँग करते है कि दिव्यांग व्यक्ति की मदद करे।

### ग्रामीणों में दहशत, पुलिस जांच में जुटी

नारा और आसपास के इलाकों में 15 दिन में आगजनी को दूसरी घटना हो जाने से भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपी का पता नहीं लगाया गया, तो भविष्य में और भी घटनाएं हो सकती हैं। लोगों ने रात में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है, वहीं पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि दोनों घटनाओं के बीच कोई संबंध है या नहीं।

### 15 दिन पहले भी हुई थी आगजनी की घटना

पीड़ित ने बताया कि उनकी दुकान से कुछ दूरी पर स्थित एक फोटोकॉपी और डीजे की दुकान में भी 15 दिन पहले रात के समय आगजनी की घटना हुई थी। वह घटना रात करीब साढ़े तीन बजे के आसपास हुई थी। उस दौरान दुकान के पास एक बोतल मिली थी, जिसमें से पेट्रोल जैसी गंध आ रही थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है और जाँच जारी है। उस समय भी आग लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका, लेकिन पेट्रोल की गंध मिलने से आगजनी की आशंका जताई गई थी। अब दोबारा कपड़ा दुकान में आग लगने की घटना ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। गांव में यह चर्चा जोरों पर है कि कोई अज्ञात व्यक्ति जानबूझकर आगजनी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

# शिक्षकों के अमर्यादित आचरण ने किया शर्मसार बीईओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- बाजार में घूमते शिक्षक का अर्धनग्न वीडियो वायरल
- दो शिक्षक बिना सूचना के ड्यूटी पर अनुपस्थित



क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने न केवल शिक्षा विभाग बल्कि पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है। जिस शिक्षक को बच्चों के चरित्र निर्माण और अनुशासन का आदर्श माना जाता है, उसी शिक्षक का सार्वजनिक स्थान पर अमर्यादित आचरण सामने आने से शिक्षा जगत की गरिमा को गहरी ठेस पहुंची है। यह मामला पखांजूर से जुड़ा है, जहां एक सरकारी शिक्षक के अर्धनग्न अवस्था में बाजार घूमने का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जवेली में पदस्थ शिक्षक एल.बी. महेश्वर सिंह चंद्रवंशी पिछले कुछ दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। इसी दौरान बीते दिन उन्हें पखांजूर बाजार में अर्धनग्न अवस्था में घूमते देखा गया। यह दृश्य किसी लोक सेवक, विशेषकर शिक्षक जैसे जिम्मेदार पद पर आसीन व्यक्ति के लिए अत्यंत आपत्तिजनक और अमर्यादित माना जा रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र के पालकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि जब शिक्षक ही समाज में इस तरह का व्यवहार करेंगे, तो इसका विद्यार्थियों और आने ⏭ शेष पेज 10 पर

# एएसआई का वीडियो वायरल, एसपी ने किया लाइन अटैच, जांच कमेटी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी कार्रवाई

जिले में पुलिस विभाग के भीतर अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। ड्यूटी के दौरान प्रथम दृष्टया संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहने के चलते पुलिस की छवि धूमिल करने वाले सहायक उप निरीक्षक का लाईन अटैच कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दमकसा पुलिस चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रजनीश गजभिये के बारे में सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ। पुलिस अधीक्षक ने उसकी पुरानी कार्यशैली की जानकारी भी एकत्र किया और प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि सहायक उपनिरीक्षक संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त थे, जिससे जनता के बीच पुलिस विभाग की साख और छवि को नुकसान पहुँचा है। इसे अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखते हुए तत्काल प्रभाव से कड़ा एक्शन लिया है। एएसआई रजनीश गजभिये को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान पद से हटाकर रक्षित केन्द्र (पुलिस लाइन) कांकेर संबद्ध कर दिया है। आदेश में केवल स्थानांतरण ही नहीं, बल्कि विभागीय जांच की समयसीमा भी तय कर दी गई है। जांच अधिकारी को 07 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। ⏭ शेष पेज 10 पर



### पुलिस विभाग का कड़ा संदेश

इस कार्रवाई से जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के इस कदम को संदिग्ध आचरण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का स्पष्ट मानना है कि खाकी वर्दी पहनकर जनता की सेवा के बजाय संदिग्ध कार्यों में लिप्त रहने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## परतापुर क्षेत्र में पेसा कानून लागू, ग्रामसभा की सहमति बिना लीज देना अनुचित

# कोटरी नदी रेत घाट लीज के विरोध में ग्रामीण सड़कों पर, विधायक को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

पखांजुर तहसीलज अंतर्गत परतापुर में कोटरी नदी के रेत घाट की लीज को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। बुधवार को सैकड़ों ग्रामीण, ग्राम पटेल और पंचायत प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर रेत घाट की जारी लीज निविदा का विरोध किया और इसे तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम उसेंडी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि परतापुर क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है, जहां पेसा कानून लागू है। ऐसे में ग्राम सभा की पूर्व सहमति के बिना रेत घाट से जुड़ा कोई भी निर्णय न केवल अनुचित, बल्कि अवैध भी है। ग्रामीणों का तर्क है कि न तो ग्राम सभा में ⏭ शेष पेज 10 पर

### कलेक्टर एवं एसडीएम को दी गई जानकारी

इस शिकायत की प्रतिलिपि जिला दंडाधिकारी कांकेर और पखांजूर के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को भी भेजी गई है, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि जल, जंगल और जमीन पर उनका संवैधानिक अधिकार है और ग्राम सभा की अनुमति के बिना संसाधनों का दोहन किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ज्ञापन खनिज विभाग को भेजा गया

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पखांजूर टीआर देवांगन ने बताया कि ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त हुआ है। रेत खदान की निविदा खनिज विभाग द्वारा जारी की गई है और प्राप्त आवेदन को आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला खनिज अधिकारी, कांकेर कार्यालय में अंतरित किया जा रहा है।

# अर्धनारीश्वर चिकित्सा न्यूरोथेरेपी शिविर में कई जिलों के बड़ी संख्या में पहुंचे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- बिना सर्जरी के उपचार से मरीजों को मिला लाभ

स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति बढ़ती जागरूकता का सशक्त उदाहरण बुधवार को कांकेर में देखने को मिला, जब अर्धनारीश्वर चिकित्सा वेलनेस न्यूरोथेरेपी आरोग्य पीठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय उपचार एवं प्रशिक्षण शिविर के पहले ही दिन सैकड़ों रोगियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। बिना दवा और बिना सर्जरी के उपचार की इस वैज्ञानिक पद्धति से राहत पाने की उम्मीद में जिले सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों से लोग शिविर में ⏭ शेष पेज 10 पर



### शिविर के उपरांत मिला प्रशिक्षण

उपचार के साथ-साथ शिविर में प्रशिक्षण सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर जिले से पहुँचे विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। आरोग्य पीठ के अनुभवी थेरेपिस्टों ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से उपचार तकनीकों को सरल ढंग से समझाया। प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थी आने वाले समय में कांकेर जिला में अपनी सेवाए देते हुए नजर आएंगे।

### दवा व उपचार रोगों को जड़ से मिटाती है

आरोग्य पीठ के संस्थापक, मार्गदर्शक एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सक आचार्य डॉ. रामगोपाल दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में दवाइयों पर अत्यधिक निर्भरता मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। अर्धनारीश्वर चिकित्सा एक सुरक्षित, प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक न्यूरोथेरेपी पद्धति है, जो शरीर की नसों, मांसपेशियों और मस्तिष्क के बीच संतुलन स्थापित कर रोगों की जड़ पर कार्य करती है।

# कोटपा एक्ट के तहत 23 चालान काटा और वसूला 3100 जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



जिले में तंबाकू उत्पादों और नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। टीम ने कार्रवाई के दौरान कुल 23 चालान काटे और 3100 रुपये की चालान राशि वसूल की गई।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोटपा एक्ट के तहत व्यापक कार्रवाई करते हुए भानुप्रतापपुर, संबलपुर और ग्राम कंवटी में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों एवं स्कूल परिसरों के आसपास संयुक्त टीम द्वारा विशेष रूप से स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्ती बरती गई। कार्रवाई के दौरान कुल 23 चालान काटे गए और 3100 रुपये की चालान राशि वसूल की गई। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के साथ-साथ जनजागरूकता को भी प्राथमिकता दी गई। स्कूलों में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को ⏭ शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप



## घर-घर बन रही आभा आईडी अब तक बनी 5.60 लाख

**कोण्डागांव।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत जिले में आभा आईडी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्माण के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर–घर पहुंचकर नागरिकों का आभा आईडी बना रही हैं, जिससे लोगों को कार्यालयों और अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन बहनें ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को आभा आईडी के महत्व की जानकारी दे रही हैं और मौके पर ही पंजीयन कर रही हैं। इस पहल से बुजुर्गों, महिलाओं एवं दूरस्थ अंचलों में रहने वाले नागरिकों को विशेष सुविधा मिल रही है। जिले में अब तक लगभग 5 लाख 60 हजार आभा आईडी का निर्माण किया जा चुका है। आभा आईडी बनवाने के लिए केवल आधार कार्ड की आवश्यकता होती है। नागरिक अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर या नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर आभा आईडी बनवा सकते हैं। आभा आईडी एक डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पत्र है, जिसके माध्यम से व्यक्ति का संपूर्ण स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहता है। इसके जरिए मरीज देश के किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में आसानी से उपचार करा सकते हैं। पूर्व उपचार का रिकॉर्ड उपलब्ध रहने से डॉक्टरों को सही और त्वरित इलाज में मदद मिलती है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपना आभा आईडी अवश्य बनवाएं।

# वैवाहिक समारोह में भारतीय संविधान भेंट कर दिया सामाजिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य के कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित सामाजिक संगठन बाबा साहेब अंबेडकर सेवा संस्था द्वारा भारतीय संविधान को जन–जन तक पहुँचाने एवं उसे लोकप्रिय बनाने की दिशा में निरंतर सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। संस्था द्वारा विगत वर्षों से विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के अवसर पर भारतीय संविधान की प्रतियां लोकहित में भेंट की जा रही हैं, जिससे संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। इसी क्रम में खुटपारा ग्राम पंचायत सोनाबाल, तहसील मर्दापाल, विकासखंड एवं जिला कोंडागांव निवासी जगत नेताम के पुत्र एवं पुत्रवधू के वैवाहिक आशीर्वाद समारोह के अवसर पर मंच से भारतीय संविधान की प्रति भेंट कर उन्हें सुखमय एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक सुधराम मरकाम, पूर्व अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय, उपाध्यक्ष हितेंद्र कुमार श्रीवास तथा संदीप कोर्राम विशेष रूप से उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की।

### बाबा साहेब अंबेडकर सेवा संस्था की अभिनव पहल

संविधान को जनसुलभ बनाने का सतत प्रयास



#### महापुरुषों के विचारों से जनजागृति का संकल्प

साहेब अंबेडकर सेवा संस्था कोंडागांव द्वारा समाज के दबे–कुचले वगोंर के महापुरुषों की जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि पर विशेष आयोजन कर उनके राष्ट्रहित एवं समाजहितकारी विचारों का प्रचार–प्रसार किया जाता है। संस्था का यह प्रयास तृणमूल स्तर पर सामाजिक चेतना और संवैधानिक जागरूकता लाने में प्रभावी सिद्ध हो रहा है।

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

# रसोईया हड़ताल के कारण मध्यान्ह भोजन प्रभावित, वहां तत्काल प्रारंभ कराएं: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने 18 फरवरी को कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना तथा शासकीय आश्रम–छात्रवासों को बीपीएल दर पर प्रदाय खाद्यान्न व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक में फरवरी एवं मार्च माह के लिए जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की गहन समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने फरवरी माह के लिए शेष दुकानों में 7 दिवस के भीतर खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी खाद्य निरीक्षकों को दुकानों का नियमित निरीक्षण कर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। आयोग अध्यक्ष ने सभी उचित मूल्य दुकानों में निगरानी समिति को कार्यशील बनाने तथा समिति सदस्यों के मोबाइल नंबर दुकान परिसर में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। जहां रसोईया हड़ताल के कारण मध्यान्ह भोजन योजना प्रभावित हुई है, वहां तत्काल योजना प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। सभी बालक छात्रावासों में साफ–सफाई एवं भोजन व्यवस्था की विशेष निगरानी पर बल दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के सतत निरीक्षण, बच्चों की उपस्थिति की त्रुटिरहित रिपोर्टिंग तथा पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं छात्रावासों में फोर्टीफाइड चावल पकाने की सही विधि, इसके लाभों की जानकारी देने के लिए संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण देने, प्रति डाइट अनुसार खाद्यान्न पात्रता प्रदर्शित करने एवं खाद्य आयोग के कॉल सेंटर नंबर को स्थायी रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

■ खाद्य योजनाओं की समीक्षा व्यवस्थाओं में सुधार के दिए सख्त निर्देश




#### छात्रावास, उचित मूल्य दुकान व आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

समीक्षा बैठक से पूर्व आयोग के दल ने अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास, माकड़ी एवं बालक छात्रावास, शामपुर का निरीक्षण किया। कन्या छात्रावास में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। बालक छात्रावास शामपुर में भोजन की गुणवत्ता, साफ–सफाई एवं सूचना प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिए गए। उचित मूल्य दुकान माकड़ी में हितग्राहियों से चर्चा कर नियमित दुकान संचालन एवं निशुल्क चावल, नमक, चना, गुड़ एवं शक्कर वितरण की पुष्टि की गई। झाकरपारा स्थित दुकान में खाद्यान्न का तत्काल भंडारण कर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्र झाकरपारा में 14 बच्चों से चर्चा कर नियमित नाश्ता एवं भोजन की जानकारी ली गई, जहां व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। वहीं शामपुर स्कूल में मध्यान्ह भोजन योजना को अविलंब प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

#### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

जिला मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव राजीव कुमार जायसवाल, खाद्य अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित नान के जिला प्रबंधक एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुणवत्ता के साथ समयसीमा में निर्माण कार्यों को पूरा करें: नूपुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता दल द्वारा कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने पुल–पुलिया निर्माण, भवन निर्माण सहित अटल डिजिटल केंद्र, महतारी सदन एवं महाविद्यालय भवन जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिले के विभिन्न ग्रामों में वृक्षों की अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए संबंधित विभागों को समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

#### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विकासखंडवार समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा की गई। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### पीएमश्री विद्यालयों एवं प्रमाण पत्र प्रकरणों पर चर्चा

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र हेतु शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के पीएमश्री विद्यालयों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों से निरीक्षण प्रतिवेदन लेकर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई।

## जनदर्शन में मिली त्वरित राहत, लगनी बाई को मिला राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आम नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में एक सराहनीय उदाहरण सामने आया। केशकाल विकासखंड के ग्राम गौरगांव निवासी श्रीमती लगनी बाई ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के दौरान राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन का आयोजन समय–सीमा बैठक के पश्चात किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रें से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने लगनी बाई के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा उसी दिन सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर राशन कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। राशन कार्ड प्राप्त होने से अब लगनी बाई एवं उनके परिवार को शासकीय उचित मूल्य दुकान से नियमित रूप से राशन सामग्री के साथ–साथ अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिल सकेगा।

■ कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल हुई कार्रवाई



#### प्रशासन के प्रति जताया आभार

त्वरित सहायता मिलने पर लगनी बाई ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन जैसे कार्यक्रम आम लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, खाद्य अधिकारी नवीनचंद श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम ठोटी मड़ानार से जिले में राजस्व सर्वेक्षण कार्य की शुरुआत

**कोण्डागांव।** जिले में राजस्व सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के कुल 584 ग्रामों का राजस्व सर्वेक्षण किया जाना प्रस्तावित है। राजस्व सर्वेक्षण के लिए ग्राम ठोटी मड़ानार प.ह.न. 01, केजंग राजस्व निरीक्षण मंडल, किबई बालेंगा तहसील, कोण्डागांव को पायलट प्रोजेक्ट ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। यहां सर्वेक्षण टीम द्वारा तकनीकी पद्धति से भूमि सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने ग्राम ठोटी मड़ानार पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वे टीम से कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। कलेक्टर ने सर्वेक्षण कार्य को त्रुटिरहित, सटीक एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोंडागांव एसडीएम अजय उरांव, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू–अभिलेख वहिदुर्रहमान, सहायक अधीक्षक भू–अभिलेख अरुण कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अजय श्रीवास्तव व सुरेन्द्र बागड़े, पटवारी लखमू राम सोढ़ी, सर्वे टीम के सदस्य, सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्राम बड़े बंजोड़ा में लगा श्रम पंजीयन शिविर

## 40 श्रमिकों का हुआ पंजीयन योजनाओं की दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा के अनुरूप एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिला कोण्डागांव में निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत बड़े बंजोड़ा में मोबाइल पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कोण्डागांव द्वारा किया गया। शिविर में कुल 40 श्रमिकों का पंजीयन संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इनमें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने उपस्थित श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर के माध्यम से श्रमिकों में योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।



## विधायक ने सिरपुर में स्टाप डेम सह पुलिया निर्माण का किया भूमिपूजन

**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरपुर में बुधवार को केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम ने एक महत्वपूर्ण स्टाप डेम सह पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया। यह स्टाप डेम सिरपुर के भवँरडीह नदी में 6 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इस दौरान विधायक टेकाम ने उपस्तिथ ग्रामीणों से कहा कि इस विकास कार्य से स्थानीय किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, वहीं ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। यह परियोजना क्षेत्र के कृषि विकास के लिए एक बड़ी पहल है। रबी फसल की सिंचाई और ग्रामीणों के लिए आवाजाही में आसानी होगी। इस दौरान ग्राम सरपंच श्रीमती सुकोबाई नेताम, फरसगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कौशल सावरकर, गोविंद महावीर, अनंत नेताम, गीता नेताम सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे ।



### नए बस स्टैंड से होगा बसों का संचालन, ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड कोण्डागांव में टिकट काउंटर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने बस टिकट काउंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बस संचालकों को कॉम्प्लेक्स भवन की चाबियां सौंपी गईं। बस स्टैंड परिसर में 8 नए कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। नगरीय प्रशासन ने जानकारी दी कि अब सभी बसों का नियमित संचालन नए अंतर्राज्यीय बस स्टैंड से किया जाएगा। पुराना बस स्टैंड अब बसों के ठहराव के लिए उपयोग में नहीं रहेगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर नाका, जय स्तंभ चौक, चौपाटी एवं बंधा तालाब के पास बसों का निर्धारित समय के लिए ठहराव रहेगा। वहीं रात्रिकालीन समय में सुमित बाजार के पास भी अल्पकालीन ठहराव की व्यवस्था की गई है। बस संचालकों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमों के उल्लंघन पर प्रथम बार 5 हजार रुपए तथा द्वितीय बार 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि नए बस स्टैंड से बस सेवा प्रारंभ होने से शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव कम होगा और जाम की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी। यह पहल सुव्यवस्थित यातायात और आधुनिक शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बस स्टैंड परिसर में 8 नए कॉम्प्लेक्स के निर्माण से स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नगरीय प्रशासन ने नागरिकों से नई व्यवस्था का पालन करने और नए बस स्टैंड से बस सेवाओं का उपयोग करने की अपील की है, ताकि शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में कुलवंत चहल, जैनेन्द्र ठाकुर, सुषमा खोबरागड़े, विजय सोढ़ी एवं पार्षदगण सहित कोंडागांव एसडीएम अजय उरांव, परिवहन अधिकारी अतुल असैया, यातायात प्रभारी मुकेश जोशी, तहसीलदार मनोज रावटे, नगरपालिका मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश डे, बस संचालक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



पेज 9 के शेष

#### उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण...

अधूरे भवन निर्माण को तत्काल पूरा कराया जाए और उप स्वास्थ्य केंद्र को जल्द से जल्द शुरू किया जाए और साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने वाले ठेकेदार के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

#### नारा में आधी रात आगजनी...

कपड़ा दुकान में यह आगजनी की घटना हुई। पवन ने बताया कि वह 17 फरवरी की रात रोजमर्रा की तरह करीब साढ़े आठ बजे दुकान बंद कर घर लौट गया था। दुकान पूरी तरह सुरक्षित थी और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आई थी। लेकिन 18 फरवरी की सुबह करीब छह बजे एक अप्रत्याशित घटना ने सबकुछ बदल दिया। दुकान के सामने रहने वाले परिचित के बेटे पंकज ने सुबह-सुबह मेरे घर आकर सूचना दी कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। यह सुनते ही पवन घबराकर दुकान की ओर दौड़े। ताला खोलते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकान के भीतर रखे कपड़े, रैक और अन्य सामान पूरी तरह जल चुके थे। चारों ओर राख और जली हुई गंध फैली हुई थी। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उन्हें समझ ही नहीं आया कि आग कैसे लगी। दुकान में किसी प्रकार का बिजली उपकरण चालू नहीं था, न ही कोई शॉर्ट सर्किट जैसी स्थिति नजर आ रही थी। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और बाद में मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद वे स्वयं कांकेर थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई।

#### शिक्षकों के अमर्यादित आचरण ने...

वाली पीढ़ी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोयलीबेड़ा बीईओ देव कुमार शील ने संबंधित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख है कि शिक्षक 16 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक बिना किसी लिखित सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जो कि सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। शिक्षा विभाग के अनुसार, शिक्षक का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम 1, 2 और 3 के विपरीत है। शिक्षक को निर्देश दिया गया है कि वे दो दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया या वे निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

#### एएसआई का वीडियो वायरल...

पुलिस का काम जनता में विश्वास और अपराधियों में डर पैदा करना है। यदि विभाग का ही कोई सदस्य संदिग्ध गतिविधियों में पाया जाता है, तो उस पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अनिवार्य है।

कोटरी नदी रेत घाट लीज के विरोध में...

इस विषय पर प्रस्ताव पारित हुआ और न ही समुदाय से राय ली गई, इसके बावजूद खनिज विभाग द्वारा लीज निविदा जारी कर दी गई, जो कानून की भावना के विपरीत है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्तमान में कोटरी नदी के रेत घाट का संचालन ग्राम पंचायत परतापुर की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिससे गांव की महिलाओं को रोजगार मिल रहा है और स्थानीय स्तर पर आय सृजन हो रहा है। लीज दिए जाने की सूचना मिलते ही ग्राम पटेल ने आपात ग्राम बैठक बुलाई, जिसमें सर्वसम्मति से लीज निविदा का विरोध करने और प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

#### अर्धनारीश्वर चिकित्सा...

पहुंचे।

पुरान कम्युनिटी हाल में आयोजित शिविर में अतिथि की आसंदी से उपस्थित विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि न्यूरोथेरेपी जैसी प्राकृतिक और प्रभावी चिकित्सा पद्धति आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने इसके प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाया जाना चाहिए, ताकि कांकेर जिले के अधिक से अधिक नागरिक इसका लाभ ले सकें। आरोग्य पीठ के संस्थापक, मार्गदर्शक एवं सुप्रसिद्ध चिकित्सक आचार्य डॉ. रामगोपाल दीक्षित के पावन सान्निध्य से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। इस शिविर का आयोजन आरोग्य पीठ के सक्रिय सदस्य एवं समाजसेवी प्रमोद कुमार साहू के संयोजन में किया गया। शिविर में सिरदर्द, कमर दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, घुटनों का दर्द, तनाव, अनिद्रा जैसी पुरानी एवं जटिल बीमारियों से पीड़ित रोगियों को उल्लेखनीय राहत मिली। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि अर्धनारीश्वर चिकित्सा वेलनेस न्यूरोथेरेपी शिविर जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सराहनीय और प्रेरणादायी पहल है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बढ़ती बीमारियों और दवाओं पर निर्भरता के बीच इस प्रकार की प्राकृतिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। बिना दवा और बिना सर्जरी के उपचार से लोगों को राहत मिलना इस चिकित्सा पद्धति की प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने आयोजकों, चिकित्सकों एवं आरोग्य पीठ की पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर समाज के हर वर्ग, विशेषकर ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए वरदान हैं। नगर पालिका की ओर से भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी स्वास्थ्य शिविरों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा, ताकि स्वस्थ कांकेर की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए जा सकें। इस अवसर पर पार्षद हितेंद्र खटवानी, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, दिनेश रजक, ईश्वर सिन्हा एवं अन्य उपस्थित रहे।

#### कोटपा एक्ट के तहत 23 चालान...

नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। बच्चों को बताया गया कि तंबाकू और नशीले पदार्थ न केवल स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि भविष्य को भी अंधकारमय बना देते हैं।

अधिकारियों ने कोटपा एक्ट-2003 की प्रमुख धाराओं की जानकारी देते हुए बताया कि धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है। धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक है, जबकि धारा 6 के अनुसार नाबालिगों को तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है। इन प्रावधानों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है।

# जिले में वीबी जी राम जी योजना ग्रामीण रोजगार की नई क्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दंतेवाड़ा एक ऐसा क्षेत्र है जहां आदिवासी बहुलता, घनघोर वनों और विकास की चुनौतियां एक साथ विद्यमान हैं।

यहाँ के ग्रामीणों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी एक वरदान साबित हो रही है। यह योजना मनरेगा को मजबूत बनाते हुए 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिनों की रोजगार गारंटी प्रदान करती है, जिसे जिले के हर गाँव तक रोजगार पहुंचाने का लक्ष्य है। बीबीजी राम जी योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण परिवारों को वर्ष में कम से कम 125 दिनों का सुनिश्चित मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराना है। पहले मनरेगा के तहत केवल 100 दिन मिलते थे, लेकिन अब यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ जल संरक्षण, सड़क निर्माण, ड्रेनेज और आजीविका परिसंपत्तियों जैसे उत्पादक कार्यों पर जोर देती है।

दंतेवाड़ा जैसे नक्सल प्रभावित जिले में यह योजना पलायन रोकने और स्थानीय विकास को गति देने का माध्यम बनी हुई है। इस संबंध में ग्राम सभा को कार्य चयन का पूर्ण अधिकार दिया गया है, जिससे कम से कम 50 प्रतिशत काम पंचायत स्तर पर ही तय होते हैं। किसानों के हित में बुवाई-कटाई के मौसम में 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकते हैं, ताकि खेती प्रभावित न हो। इसके अलावा, मजदूरी भुगतान 7 दिनों के अंदर



अनिवार्य है, जो पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और मोबाइल ऐप आधारित निगरानी से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा रहा है।

इसके तहत जिला प्रशासन ने योजना का प्रचार-प्रसार ग्रामीण स्तर पर प्रभावी ढंग से शुरू कर दिया है। प्रत्येक माह की 7 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, 'चावल उत्सव और आवास दिवस का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद होता है, जहाँ योजना की बारीकियों के साथ-साथ जॉब कार्ड बनवाने, कार्य आवंटन और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है। प्रचार के लिए वॉल-पेंटिंग, होर्डिंग और सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। स्थानीय आदिवासी भाषाओं में वाद-संवाद किया जा रहा है, जिससे भाषा की बाधा न बने। ग्राम रोजगार सहायक और फील्ड असिस्टेंट घर-घर जाकर जागरूकता फैला रहे हैं। हाल ही में आयोजित कार्यक्रमों में डबरी निर्माण के माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया, जो जिले के जल स्रोतों के लिए उपयुक्त है। इन प्रयासों से जिले के 169 ग्राम पंचायतों में हजारों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

वीबी जी राम जी योजना का असर जिले में दिखने लगा है। आदिवासी एवं वनांचल बहुल क्षेत्रों में जल संरक्षण कार्यों जैसे तालाब, चेकडैम एलबीसीडी निर्माण से न केवल रोजगार मिला, बल्कि जल स्रोत एवं सिंचाई सुविधाएं बढ़ी हैं। प्रशासनिक खर्च 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत किया गया है, जो ग्राम रोजगार सहायकों के प्रशिक्षण पर केंद्रित है। इस संबंध में ग्रामीणों की प्रतिक्रिया सकारात्मक है। ग्राम पंचायत चंदेनार, गुमड़ा में आयोजित रोजगार दिवस पर नये जॉब कार्ड बनवाए गए है। साथ ही महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जो योजना के 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ उठा रही हैं। यह योजना न केवल रोजगार दे रही है, बल्कि जिले को विकसित भारत का हिस्सा बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। जिला प्रशासन की सक्रियता से सफलता निश्चित है।

## खबर संक्षेप

### लिंगेश्वर मंदिर में विधायक ने की पूजा अर्चना



**बस्तर/घाटलोहंगा।** विधायक लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत कोसमी पहुंचे। उन्होंने स्थित लिंगेश्वर देव मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर दर्शन के बाद उन्होंने स्थानीय बाजार का भी भ्रमण किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

### विधायक ने की शोकाकुल परिवारों से मुलाकात



**बस्तर/घाटलोहंगा।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहे। वे ग्राम मूली पहुंचे, जहां उन्होंने माझी राम बघेल की माताजी के आयोजित 10 गात्रा कार्यक्रम में शामिल होकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ खड़े हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पाउरबेल में आयोजित 10 गात्र कार्यक्रम में भी शामिल हुए तथा शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान तुला राम सेटिया, बुदरू राम बघेल, जितेंद्र तिवारी, तुलसी राम ठाकुर कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### सूरज बने जिला उपाध्यक्ष

**गीदम।** युवा शक्ति को संगठन की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा ने ऊर्जावान एवं संघर्षशील युवा नेता



सूरज सिंह ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। यह नियुक्ति न केवल एक पदभार है, बल्कि जिले के युवाओं की आकांक्षाओं और विश्वास का सम्मान भी है। गौरतलब है कि जनसेवा के व्यापक उद्देश्य से उन्होंने नौकरी त्याग कर सक्रिय राजनीति का मार्ग चुना। नगर पंचायत गीदम के वार्ड क्रमांक 9 से पार्षद चुनाव में जीत दर्ज कर वर्तमान पार्षदगण में सबसे कम उम्र के पार्षद बनने का गौरव प्राप्त किया। यह जीत उनके प्रति जनता के विश्वास और युवा नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के रूप में सूरज सिंह ठाकुर ने युवाओं को संगठित कर सकारात्मक राजनीति, रोजगार, कौशल विकास और सामाजिक भागीदारी की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया है।

## जिला स्तरीय किसान मेला में उमड़ा जनसैलाब

# नवाचार और उत्साह से गूंजा बीजापुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कृषि विभाग द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में एक्सटेंशन रिफार्म्स आत्मा योजनांतर्गत" जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर कृषि के नवीन आयामों से परिचय प्राप्त किया।

■ शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने को कहा





कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि स्थायी समिति के सभापति शंकरैया मडावी ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर एवं लच्छूराम मोड़ियामी, जनपद अध्यक्ष उसूर पूर्णिमा तेलम, जनपद पंचायत अध्यक्ष भैरमगढ़ दशरी कोरसा, उपाध्यक्ष त्रिपति पुनेम, जनपद सदस्य सरोजिनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि एवं सहायक व्यवसायों के माध्यम से आय में वृद्धि करने का आह्वान किया। उप संचालक कृषि पीएस. कुशरे ने प्राकृतिक खेती, पीएम आशा योजना एवं विभाग द्वारा संचालित अन्य लाभकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों एवं मशरूम उत्पादन जैसे आयवर्धक व्यवसायों पर व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। मेले में कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा किसान उत्पादक संगठनों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक उपकरण, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित नवीन जानकारियां प्रदान की गईं। जिले के विभिन्न विकास खंडों से आए किसानों द्वारा ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने मेले की शोभा बढ़ाई।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं सम्मान

कार्यक्रम के दौरान मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने हेतु आईस बॉक्स का वितरण किया गया। साथ ही कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 उन्नतशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय किसान मेले में किसानों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने यह स्पष्ट किया कि बीजापुर जिला कृषि क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यह आयोजन किसानों के लिए ज्ञान, प्रेरणा और प्रोत्साहन का सशक्त मंच साबित हुआ।

## 73 दुकानों के अवैध शेड ढहाए सड़क पर रखा सामान जब्त 12 हजार का ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का तोड़दस्ता शहर में एक बार फिर गरजा। टीम प्रहरी अभियान के तहत 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को तोड़ूदस्ता ने ढहा दिया। इस दौरान सड़क यातायात बाधित कर सड़क पर रखे सामान जब्त किए गए। कब्जाधारी दुकानदारों पर 12 हजार रुपए का ई चालान काटा गया।

■ अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

राजधानी में नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को संतोषीनगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया।

अभियान के दौरान दुकानदारों को पहले सड़क पर कब्जा न करने समझाइश दी गई। चेतावनी के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर सख्ती दिखाते हुए अवैध रूप से बनाए गए शेड तोड़े गए और ठेले जब्त किए गए। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के आदेश पर निगम जोन 6 और जोन 10 क्षेत्र में निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में जेसीबी



चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

टीम एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित निगम व यातायात विभाग का अमला मौजूद रहा।

# स्कूलों का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकंडरी शालाओं का निरीक्षण व मॉनिटरिंग ने किया।

■ प्राथमिक शाला के बच्चों से अक्षर ज्ञान की ली जानकारी



इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओ तक पहुंचकर शालाओं के निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत संपर्क कर शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। अंचल की शाला संकुल बागमोहलई के अंतर्गत प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला बाग मोहलई, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला कोटकामा व प्राथमिक, माध्यमिक आश्रम शाला केरागुड़ा, संकुल इच्छापुर के अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक इच्छापुर 2 सहित हाइस्कूल व हायरसेकंडरी इच्छापुर का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला के बच्चों से अक्षर ज्ञान की जानकारी ली गई। वही माध्यमिक शाला के बच्चों से महापुरुषों के नाम, पहाड़ा व अंग्रेजी में सप्ताह के नाम के बारे में पूछा गया। कुछ बच्चों ने ही हाजिर जवाब दिया लेकिन अधिकांश बच्चे कमजोर पाए गए। स्थिति सुधारने प्रभारी को समझाइस दी गई। संकुल इच्छापुर की प्राथमिक व माध्यमिक शाला इच्छापुर का गहन अवलोकन किया गया। वही प्राथमिक शाला बागमोहलई की 5वी का छात्र ने धाराप्रवाह 22 तक का पहाड़ा सुनाया। जिससे अधिकारी द्वारा प्रभावित होकर काफी प्रशंसा कर परितोशित किया गया। वहीं संकुल इच्छापुर के माध्यमिक शाला में 6वी 7वी व 8वी के बच्चों से सतत संपर्क कर बच्चों के गुणवत्ता के स्तर का आकलन किया स्तर आशा के अनुरूप पाया तथा यहां पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है । बच्चों को पहाड़ा का ज्ञान सन्तोषप्रद पाया गया एवं सामान्य ज्ञान था। प्रभारी सहित संकुल समन्वयक के कार्यो की सराहना की। अधिकारी द्वारा हाई व हायर सेकंडरी इच्छापुर पहुंचकर 9वी व 10वी के बच्चों से रूबरू होकर विज्ञान व गणित विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए। जिस पर अधिकांश बच्चों ने जवाब सही दिया कुछ बच्चे कमजोर थे। यहां के प्राचार्य द्वारा अतिरिक्त क्लास लगाकर औपचारिक शिक्षा कमजोर बच्चों के लिए लगाई जा रही है। प्राचार्य के इस पहल की सराहना की गई। वही प्रयोगशाला कक्षा का भी अवलोकन किया गया। यहां एमबीयू शिविर में अपडेशन का कार्य प्रगति पर पाया गया। हाई स्कूल में एक्टिविटी के माध्यम से पूछे गए सवालों के जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषिक भी किया गया । अपने भ्रमण के दौरान सभी शालाओं में अध्यापकों की डेली डायरी व मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही पंजी व बारह खड़ी व पहाड़ा के चार्ट की भी जांच किया। डेली डायरी संधारित की जा रही है, थोड़ी बहुत जो कमियां पाई गई उसे सुधारने हेतु मेरे द्वारा समझाइस दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### ग्राम पंचायत गुड़से में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत गुड़से में आज जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जनप्रतिनिधियों द्वारा माँ दंतेश्वरी की तस्वीर पर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ की गई। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मांगों व शिकायतों के निराकरण हेतु विभिन्न विभागों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म संपन्न कराई गई तथा शिशुवती माताओं के साथ आए बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने वीबीजीआरएमजी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जानकारी दी गई।

## विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से संजय सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दिल्ली स्थित होटल के सभागार में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ द्वारा आयोजित विद्या वाचस्पति मानद डॉक्टरेट सारस्वत सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष, शिक्षाविद् एवं दंतेवाड़ा जिले में प्रभारी प्राचार्य के पद पर सेवारत संजय ठाकुर को शिक्षा, साक्षरता, बालिका शिक्षा, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट उपाधि से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर मंचस्थ विभूतियों द्वारा उन्हें सम्मान पत्र, मैडल एवं शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण और साधना का प्रतिफल है, बल्कि छत्तीसगढ़ के समस्त शिक्षकों और शिक्षा जगत के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए उसे समाज परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बनाया है। विशेष रूप से बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन, प्रौढ़ शिक्षा अभियान, साक्षरता विस्तार, वंचित एवं दूरस्थ क्षेत्रों में शैक्षिक जागरूकता तथा विद्यार्थियों में खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा के प्रति उत्साहवर्धन के क्षेत्र में उनके प्रयास उल्लेखनीय और प्रेरणास्पद रहे हैं। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार पूर्व कुलपति, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करे। उन्होंने नवाचार, अनुसंधान एवं नैतिक मूल्यों से युक्त शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इन्दु भूषण मिश्रा, कुलपति, पं. दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ ने की। उन्होंने कहा कि विद्या वाचस्पति सम्मान उन व्यक्तित्वों को समर्पित है जिन्होंने ज्ञान को समाज-सेवा का माध्यम बनाया है।

## कलार समाज ने मनाया शहीद मुंदी कलार शहादत दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा विकास खंड के नेगानार गाँव मे कलार समाज द्वारा मंगलवार कों मुंदी कलार का शहादत दिवस मनाया गया। उल्लेखनीय हैं की बस्तर भूमकाल विद्रोह के दौरान गुंडाधुर के क्रांतिकारी दल मे अंग्रेजो के खिलाफ मुंदी कलार भी शामिल थे, जिन्होंने जातीय गौरव अधिकार और सुरक्षा के लिए संघर्ष करते हुए वीरगति कों प्राप्त किया।

उनके वंशज अभी भी नेगानार गाँव मे जीवन निर्वहन कर रहें हैं। इस गाँव के कलार समाज के प्रयास से हर वर्ष मुंदी कलार शहादत दिवस आयोजित होता हैं। इस वर्ष कलार समाज के साथ साथ अन्य समाजो के पदाधिकारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी आमंत्रित किये गए थे। कार्यक्रम के दौरान समाज प्रमुखो जनप्रतिनिधियों और मुंदी कलार के वंशजो कों स्वागत अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम मे समाज प्रमुखो और जनप्रतिनिधियों ने भूमकाल विद्रोह मे मुंदी कलार के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही लोंगो से आग्रह किया की आने वाले समय मे समाज के सभी वर्ग मिलकर बड़े आयोजन का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सूरजनाथ जायसवाल, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, ब्लॉक कोषाध्यक्ष दलपत राय, मुन्ना नाग, मोहन जायसवाल, नरेंद्र सिन्हा, सोनू राम नाग, रामसाय मौर्य, लोकनाथ जायसवाल, धर्मेन्द्र ठाकुर अजय कश्यप शामिल रहें।

### समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर जोर



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वीकृत निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नियद नेल्लानार क्षेत्रों में चल रहे अधोसंरचना निर्माण कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के कार्यों में तेजी लाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सैचुरेशन शिविरों की उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, ताकि योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे। कलेक्टर ने आधार पंजीयन में गति लाने पर जोर देते हुए जन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, राशन कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों को सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नक्सल पीड़ित परिवारों एवं आत्मसमर्पित व्यक्तियों को आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाने को कहा।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

प्रिंशु कॉन्वेंट स्कूल बस्तर में स्पोर्ट्स प्राइज सेरेमनी एवं आनंद मेला का आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। विद्यालय के प्राचार्य पीआर नायडू एवं संस्था प्रमुख राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी अतिथियों एवं



अभिभावकों का मन मोह लिया। वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आनंद मेले में विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए, जिनका उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देवकी भद्रे नगर पंचायत अध्यक्ष बस्तर रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंपा ठाकुर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष, सेवती बघेल महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, चंद्रवती बिसाई एवं मालती शर्मा उपस्थित रहीं। समापन अवसर पर प्राचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान नागरिक, अभिभावकगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर,
तहसील-कांकेर, जिला- उत्तर बस्तर / कांकेर

**शपथकर्ता :-** मनीष कुमार कोरेटी पिता श्री जलसु राम कोरेटी जाति गांडा, आयु 31वर्ष निवासी तेलावट तहसील व जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.

**//शपथ-पत्र//**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं।
2. यह कि मैं एस. एस. बी. में कार्यरत हूँ।
3. यह कि मेरे एस एस बी सर्विस अभिलेख में मेरा नाम मनीष कुमार दर्ज हैं।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम मनीष कुमार कोरेटी दर्ज हैं।
5. यह कि मैं अपने सर्विस अभिलेखों में अपना वास्तविक व सही नाम मनीष कुमार कोरेटी दर्ज करवाना चाहता हूँ।
6. यह कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी तथ्य व जानकारी सत्य एवं सही है।
7. यह कि उक्ताशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा से शपथपूर्वक सत्यापित करता हूँ कि शपथ-पत्र की लेख कंडिका 01 से 07 तक में दी गई जानकारी सत्य एवं सही है दिनांक 18.02.2026 को स्थान कांकेर में हस्ताक्षर कर सत्यापित कि हूँ।

दिनॉक- 18.02.2026

शपथकर्ता
मनीष कुमार कोरेटी

# पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 22 को जिले के 12 केंद्र में होगी, 3333 अभ्यर्थी पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 का आयोजन आगामी रविवार 22 फरवरी को दो पालियों में किया जाएगा। इसके लिए आयोग द्वारा जिले के 12 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 3 हजार 333 पंजीकृत अभ्यर्थी शामिल होंगे। उक्त परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा व्यापक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान आवंटित परीक्षा केंद्रों में किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए गठित 04 उड़नदस्ता दलों द्वारा सतत निरीक्षण किया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों को दो घण्टे पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उनकी मेटल डिटेक्टर व मैन्युअल तलाशी (फ्रिस्किंग) की जा सके, साथ ही मूल पहचान पत्र के साथ उनके प्रवेश पत्र का सत्यापन तथा उनके चेहरे का मिलान किया जा सके। प्रथम पाली में 9.45 और द्वितीय पाली में 2.45 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा, यानी उक्त समय के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## पारदर्शितापूर्ण परीक्षा के संचालन के लिए आयोग ने जारी किए निर्देश

### अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य वस्तुएं

आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुसार परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी मूल पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस पैनकार्ड/आधार कार्ड अथवा ई-आधार कार्ड रखना होगा। इसी तरह अपने साथ लेबल रहित पारदर्शी पानी की बोतल, आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाइन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट, काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन भी साथ रख सकेंगे।

### परीक्षा केंद्रों में इनकी नहीं होगी अनुमति

अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की घड़ी मैकेनिकल व स्मार्ट वॉच की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। वे केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकेंगे। अभ्यर्थियों को नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्मे, गॉगल्स, गूगल मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस चश्मे पहनने की अनुमति नहीं होगी। इसी तरह अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले सकेंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित रहेगा। अभ्यर्थी कार्गो एवं डिजाइनर कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट एवं अन्य पैंट पहनने की अनुमति रहेगी। इसी तरह महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगी, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह भी आधी होनी चाहिए। परीक्षा के दौरान कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म, रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण अथवा प्रतीक को छोड़कर उन्हें अन्य आभूषण व प्रतीक धारण करने की अनुमति नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की ही अनुमति होगी। परीक्षा के दौरान अनुशासनहीनता तथा अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर तत्काल अभ्यर्थी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे परीक्षा कक्ष से निष्काषित किया जाएगा। ऐसी स्थिति में आयोग द्वारा अनुशासनात्मक निर्देशों के अधीन अभ्यर्थी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### जिपं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 27 को

**कांकेर।** जिला पंचायत कांकेर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत की अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### सीबीएसई पैटर्न की शुरू हुई परीक्षा

**दुर्गूकोंदल।** सीबीएसई पैटर्न इंग्लिश मीडियम परीक्षा सत्र 2025-26 के तहत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिग्गी की परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। परीक्षा केंद्र फरसकोट भानुप्रतापपुर में आयोजित की जा रही है, जिसमें विद्यालय के कुल 57 छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने बताया कि परीक्षा 7 मार्च 2026 तक चलेगी और इसे सीबीएसई के निर्धारित नियमों के अनुसार शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराया जा रहा है।

### सिलपट में आज लगेगा आनंद मेला

**दुर्गूकोदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम सिलपट में आज 19 फरवरी आनंद मेला का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम सिलपट के गायता जयराम दुग्गा, पटेल दुवारू मंडावी एवं समस्त ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता से आयोजन स्थल की साफ-सफाई, पंडाल, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को अंतिम रूप दिया गया। आयोजन में संतों बाई दुगा, रामनाथ मंडावी, उदेराम मंडावी सहित अन्य गणमान्य ग्रामीणों की सहभागिता रहेगी।

### केश शिल्पियों का एक दिनी जिला सम्मेलन 24 को होगा

**धनेलीकन्हार।** केश शिल्पी बोर्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय केश शिल्पीयों का जिला स्तरीय सम्मेलन 24 फरवरी मंगलवार को कांकेर ब्लाक के ग्राम नथिया नवागांव में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में कांकेर जिले सेन समाज के ऐसे कामगार जो केश कला के कार्य सेलुन व गवई कार्य करते हैं या जो महिला ब्युटी पार्लर के कार्य करना चाहती है या करती है वह भाग ले सकती है। इस सम्मेलन में सेन समाज प्रमुखो व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित है। केश शिल्पी बोर्ड के सदस्य विजय सेन ने बताया की इस सम्मेलन में केश शिल्पी बोर्ड के प्रदेश पदाधिकारीयों के द्वारा केश शिल्पी बोर्ड के उद्देश्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही साथ लोगों की समस्याओं व सुझावों पर चर्चा की जाएगी व सार्थक विचारों को लेकर योजनाएं बनाई जाएगी, इसलिए सम्मेलन में सुझाव भी आमंत्रित हैं। सेन समाज के प्रमुख प्रभु राम शांडिल्य, कैलाश सेन , लोकेश्वर सेन, शैलेन्द्र कौशिक , वेदराम सेन, रुद्र कुमार सेन ने समाज के सेलुन संध के पदाधिकारियों व सदस्यों व ब्युटी पार्लर में कार्यरत महिलाओं से इस सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

## 13 बालिकाओं सहित 28 विद्यार्थियों ने जेईई में दर्ज की सफलता

# हमर लक्ष्य ग्रामीण छात्रों की उम्मीद की किरण, जेईई में जिले का उम्दा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सपनों में जब उड़ान भरने का साहस और मेहनत में निरंतरता हो, तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह नहीं रोक पाते। इसी विश्वास को साकार करते हुए हमर लक्ष्य कार्यक्रम ने एक बार फिर कांकेर जिले को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। जेईई मेन प्रथम सत्र में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 28 विद्यार्थियों का क्वालीफाई करना केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि आदिवासी अंचल के आत्मविश्वास, संकल्प और सामूहिक प्रयास की ऐतिहासिक उपलब्धि है।

कांकेर जिले के दूरस्थ गांवों से निकलकर इन होनहार विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और प्रशासनिक सहयोग मिले, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। अनारक्षित वर्ग, ओबीसी, एससी और एसटी सभी वर्गों के विद्यार्थियों ने कटऑफ पार कर जिले की शैक्षणिक क्षमता का परचम लहराया। खास बात यह रही कि 13 बालिकाएँ भी इस सफलता का हिस्सा बनीं, जो शिक्षा में समान अवसरों की सशक्त मिसाल है। प्रयास आवासीय विद्यालय और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि आर्थिक चुनौतियाँ प्रतिभा की उड़ान नहीं रोक सकतीं। किसान, मजदूर और श्रमिक परिवारों से आने वाले इन बच्चों की मेहनत ने जिले के हर युवा को प्रेरणा दी है। विशेषज्ञों के अनुसार कम से कम 10 विद्यार्थियों के एनआईटी में चयन की प्रबल संभावना है, जबकि अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश की दहलीज पर हैं।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी

प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र सौरभ कुमार मंडावी ने 82.34 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं शासकीय मिडिल स्कूल भीरागांव के छात्र पवन पिता बृजमोहन लाल ने 76.84 अंक, शासकीय मिडिल स्कूल भीरागांव के ही हर्षल कुमार पिता धनराम ने 75.98 अंक तथा भूपेन्द्र कुमार पिता देवराज ने 73.03 अंक प्राप्त किए। इन तीनों विद्यार्थियों के माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं और खेती व मजदूरी का कार्य करते हैं। इसी क्रम में पीएमश्री दुर्गूकोंदल की छात्रा मेघा नायक ने 71.99 अंक, शासकीय मिडिल स्कूल कोडो की छात्रा पायल पिता ललन कुमार ने 69.71 अंक तथा हायर सेकेंडरी लोहत्तर से भावेश कुमार ने 67.45 अंक प्राप्त किए। रोशन कोष्टा पिता प्रेम सिंह कोष्टा ने 56.75 अंक अर्जित किए। विशेषज्ञों के अनुसार कम से कम 10 विद्यार्थियों के एनआईटी में चयन की प्रबल संभावना है, जबकि अन्य को भी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश मिलने की उम्मीद है।

### हमर लक्ष्य से विद्यार्थियों का आत्मबल हुआ मजबूत

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि कांकेर जिले के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 28 विद्यार्थियों ने जेईई मेन जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में सफलता अर्जित की है। यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती, बल्कि उसे सही दिशा, अनुशासन और निरंतर मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। हमर लक्ष्य अभियान के अंतर्गत दी गई निःशुल्क कोचिंग, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और मानसिक संबल ने विद्यार्थियों के आत्मबल को मजबूत किया है।

### ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं भी कर सकती है कमाल

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने कहा कि हमर लक्ष्य अभियान के माध्यम से जिले में ऐसे विद्यार्थियों की पहचान की गई, जिनमें आगे बढ़ने की क्षमता तो थी, लेकिन संसाधनों का अभाव था। उन्हें सुव्यवस्थित अध्ययन योजना, निरंतर अभ्यास, विषयवार मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास जगाने का कार्य किया है, जिससे वे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं का सामना बिना भय के कर सके। 28 विद्यार्थियों का जेईई मेन में चयन यह संदेश देता है कि यदि प्रशासन, शिक्षक और विद्यार्थी एकजुट होकर कार्य करें, तो ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों से भी राष्ट्रीय स्तर की सफलताएँ निकलकर सामने आती हैं।

### जेईई द्वितीय सत्र के लिए कराएं पंजीयन

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल ने बताया कि जिले में जेईई व नीट के लिए सतत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। 25 फरवरी 2026 से पूर्व जेईई द्वितीय सत्र का पंजीयन कराया जाएगा तथा परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति जिला प्रशासन करेगा। बोर्ड के बाद निःशुल्क आवासीय विशेष कोचिंग भी प्रारंभ होगी। प्राचार्य एवं एक नोडल व्याख्याता को इस पूरी प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया गया है।

# महेंद्रपुर में विज्ञान गणित व सह पालक सम्मेलन का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

प्राथमिक व माध्यमिक शाला महेंद्रपुर में विज्ञान गणित व सह पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मेले में महेंद्रपुर, सटेली, राउरवाही, चिहरों के बच्चे शिक्षक पालक शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जो सभी का मन मोह लिया। माताओं केलिए गुलाल फुक, सिक्का उठाओं, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।



विज्ञान गणित व सह पालक सम्मेलन का में स्पर्धा के विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। बच्चों ने गणित व विज्ञान मेला मे 27 स्टाल लगाए। सबसे आकर्षण का केंद्र विज्ञान गणित का मॉडल रहा। बच्चों ने बाल बजारभी लगाया, जिसमें उन्होंने व्यापारिक कौशल का प्रदर्शन किया। सरपंच बलराम टेपरिया ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है। बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान और गणित के मॉडल उनकी रचनात्मक सोच को दर्शाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। हम पंचायत स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि न केवल बच्चे, बल्कि पालक और विशेषकर माताएं भी इस सम्मेलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। शिक्षा में पालकों की सहभागिता ही बच्चों के सुनहरे भविष्य की नींव है। बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल और बाजार की प्रदर्शनी सराहनीय है। कार्यक्रम में पंचम नरेटी, हिरेसिंह नरेटी, भरत निषाद, नरेश कोमरे, सुमित्रा कोठरे, लीना नेताम, देवीलाल मंडावी, देवाराम कोठरे, रवीशंकर साहू, जितेंद्र नायक गावड़े, राकेश, पुरषोतम साहू, अनिल साहू, डिकेश साहू व पालक उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में जिला तिलहन किसान मेला लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट के संयुक्त तत्वाधान में 16 फरवरी को जिला स्तरीय तिलहन किसान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम तथा विशिष्ट अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा उपस्थित रहे।



इस दौरान तिलहन एवं दलहन फसलों की उन्नत खेती, फसल चक्र अपनाने, जैविक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम ने किसानों को धान के स्थान पर तिलहन-दलहन की खेती, पशुपालन, मुर्गीपालन एवं सब्जी उत्पादन से आय बढ़ाने तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भरत मटियारा द्वारा उपस्थित कृषकों को विभागीय योजनाओं के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों ने तिलहन उत्पादन, जैविक खेती, कीटनाशक प्रबंधन तथा आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न विकासखंडों से आए कृषकगण उपस्थित थे।

## बहुदिव्यांग छात्रा गुंजन को दिया गया व्हीलचेयर



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर की प्राथमिक शाला सलिहापारा तुएगुहान में कक्षा दूसरी की बहुदिव्यांग छात्रा गुंजन चुरेन्द्र को व्हीलचेयर एवं एमआर किट प्रदान की गई। समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्हीलचेयर मिलने से छात्रा के दैनिक जीवन में सुगमता आएगी तथा विद्यालय आने-जाने में अब उसे काफी सुविधा होगी तथा आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। बहुदिव्यांग छात्रा के पिता गौकरण चुरेन्द्र ने बताया कि पहले बच्ची को स्कूल लाने-ले जाने में बहुत कठिनाई होती थी और उन्हें रोज गोद में उठाकर विद्यालय छोड़ना पड़ता था। अब व्हीलचेयर मिलने से उसकी पढ़ाई और दैनिक गतिविधियाँ आसान हो जाएगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में की गई संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अलबेलापारा वार्ड में बुढ़ादेव स्मारक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यासीन कराणी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को नवीन ब्लॉक बॉडी में शामिल कर दायित्व प्रदान करने तथा बूथ एवं वार्ड कमेटी के गठन तथा अन्य संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।



शहर अध्यक्ष यासीन कराणी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया तथा हर माह वार्ड स्तर पर बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया तथा वार्ड से सक्रिय महिलाओं एवं पुरूषों के नाम भी मांगे गए। बैठक में वार्ड के मतदाताओं को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिए समय समय पर बैठक आयोजित कर उनके समस्याओं के निराकरण एवं मदद करने तथा वार्ड में रहने वाले प्रत्येक वर्ग के मतदाताओं का पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस के पदाधिकारी वार्ड की समस्याओं के बारे में जानकारी पूछने लगे तो वहां उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि अलबेलापारा वार्ड में साफ सफाई एवं नाली के व्यवस्थित ढंग से निर्माण की आवश्यकता है और साथ ही तालाब के सौदर्यकरण, अलबेला पारा तालाब में पचरी निर्माण तथा गणेश, दुर्गा विसर्जन के लिए तालाब के पास अस्थायी कुंड बनाए जाने के बारे में जोर देते हुए शहीद कॉलोनी में नाली निर्माण की बात कहीं। इस अवसर पर नितिन पोटाई, पार्षद दीपक शोरी, शहर महिला अध्यक्ष भारती सलाम, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष खोमेन्द्र उईके, अमन गायकवाड, पंचू सलाम, रंजन गोस्वामी, इसहाक मुन्ना खान, लता मंडावी, धनीराम कोड़ोपी, योगेन्द्र उईके, सियाराम कुमेटी, कौशिल्या मरकाम, सिला वट्टी, साधना सलाम, अमरिका वट्टी, पार्वती ठाकुर, सिला कुमेटी, परी मरकाम, बेबी नेताम, पूजा जुर्री, शालू कुंजाम आदि उपस्थित रहे।

## मुख्य अतिथि ने साइकिल स्टैंड के लिए 10 लाख देने की घोषणा

# कोड़ेकुर्सी में 12वीं के छात्रों की विदाई की एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्सी स्थित विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा आगामी बोर्ड परीक्षा और जीवन के लक्ष्य को लेकर प्रेरणात्मक संदेश दिया गया।



समारोह में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा और करियर के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान कई विद्यार्थी भावुक नजर आए। उन्होंने शिक्षकों के सहयोग, विद्यालय के अनुशासन और साथियों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए अपने मन की बात रखी। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए भावुक माहौल में विदाई ली। इसी बीच विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड की आवश्यकता को लेकर अपनी मांग रखी। विद्यार्थियों की इस मांग पर मुख्य अतिथि श्रीमती किरण नरेटी ने साइकिल स्टैंड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। उनकी इस घोषणा पर उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने खुशी व्यक्त की और जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार जताया। समारोह में सिरों कोमरे, नरोत्तम सिंह चौहान, रामचंद्र कल्लो, अशोक जैन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नागसाय तुलावी, तुकाराम पटेल, ग्राम सरपंच तुलसी मतलामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि शिंगणापुर
राशि- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411